Bareilly, Saturday
12 July 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50
Pages 12

# दैनिक जागरण

PAGE NO : I BOTTOM

# एकतरफा मुकाबले में एसआरएमएस व बरेली राइडर्स ने दर्ज की जीत

- जिला स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में स्टेडियम में देखने को मिली ताबड़तोड़ बल्लेबाजी
- जीपी क्रिकेट एकेडमी को 125 रनों और क्रिकेट नर्सरी रेलवे ग्राउंड को 74 रनों से मिली हार

जागरण संवाददाता, बरेली : उत्तर प्रदेश खेल विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को स्टेडियम में दो मुकाबले खेले गए। मुकाबला बरेली राइडर्स और क्रिकेट नर्सरी के बीच खेला गया। बरेली राइडर्स ने क्रिकेट नर्सरी रेलवे ग्राउंड रोड नंबर चार को 74 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एसआरएमएस ने जीपी क्रिकेट एकेडमी को 125 रनों से हराकर सेमी-फाइनल में प्रवेश किया।

बरेली राइडर्स के कप्तान हिमेश टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पल्लव प्रताप सिंह के ताबड़तोड़ 35 रन, कृणांशु गंगवार के 30 रन और सुबोध कुमार ने 19 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 126 रन बनाए। क्रिकेट नर्सरी रेलवे ग्राउंड के गेंदबाज आकाश कुमार ने तीन, शुभ व सचिन राठौड़ ने दो दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए क्रिकेट नर्सरी की पूरी टीम 13.4 ओवरों में मात्र 52 रनों पर ढेर हो गई। विशाल के 11 रन के अलावा क्रिकेट नर्सरी का कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सका। बरेली राइडर्स के लिए अमरदीप व सुबोध कुमार ने तीन-तीन विकेट और पल्लव प्रताप सिंह ने दो बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। मैन आफ द मैच बरेली राइडर्स के पल्लव को उनके आलराउंडर प्रदर्शन के लिए दिया गया।

दूसरा मैच में एसआरएमएस और जीपी में क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। टास जीतकर एसआरएमएस के कप्तान हिमांशु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 182 रनों का स्कोर बनाया। कप्तान हिमांशु गंगवार ने 21 गेंदों में छह छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन बनाए। वहीं, लखन ने नौ गेंदों में तीन गगनचुंबी छक्के लगाकर 35 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। जीपी के गेंदबाज शिव प्रताप, अक्षत और अभिनव ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीपी की पूरी टीम 12.4 ओवर में 57 रन ही बना पाई, जिसमें हर्षित और देवांश ने 15-15 रनों का योगदान दिया। मैन आफ द मैच लखन मेहता को दिया गया। इस दौरान एसडीओ शिवम पटेल, माजिद हसन खान, अबरार खान, मनीष सिंह, विपिन कुमार, मुहम्मद कमर, चमन गाजी मियां, सोनेंद्र श्रोतिया, अमित कुमार यादव, राजेश यादव, जीशान, अर्पित, शिवांशु, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



स्पोर्ट्स स्टेडियम में एसआरएमएस और जीपी अकादमी के बीच हुए मैच में शाट खेलता खिलाड़ी • जागरण